हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 04 दिसंबर 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

12 गुरु घासीदास संत समागम मेले में शामिल हुए ...



12 राज्य स्तरीय सीनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता...



## खबर संक्षेप



### देवर ने भाभी से की मारपीट

**महासमुंद।** डिश टीवी की छतरी तोड़ने को लेकर हुए विवाद में देवर ने भाभी के साथ मारपीट कर दी। बसना पुलिस ने महिला के पति की शिकायत के बाद आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि तोषगांव निवासी व प्रार्थी निराकार यादव का भाई नीलमणी ने उसके घर में लगे डिश टीवी की छतरी को तोड़ दिया था। जिसे लेकर 2 दिसंबर को उसकी पत्नी सायबानी यादव के साथ दोपहर 02.30 बजे नीलमणी ने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए किसी धारदार वस्तु से मारा। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 118(1), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** बहन से बात करने की बात को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि मछली मार्केट वार्ड 11 निवासी राहुल यादव 2 दिसंबर की शाम करीब 5.30 बजे मछली मार्केट आंगनबाडी के पास अपने दोस्त दादू निर्मलकर के साथ खड़ा था। उसी समय बुगलू चौक निवासी ओम दुबे आया और मेरी बहन से बात करता है कहते हुए राहुल के साथ मारपीट करने लगा, इस दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुये अपने पास में रखे धारदार नुकीली वस्तु से मारपीट किया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### किसान के घर से चोरी

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम कसहीबाहरा के एक किसान के घर से सोने के आभूषण व मोबाइल चोरी की घटना हुई है। पुलिस न बताया कि प्रार्थी अवधराम पटेल के घर से 28 नवंबर की रात किसी अज्ञात चोर ने कमरे के आलमारी में रखे सोने के आभूषण एवं दो नग वीवो कंपनी का मोबाईल चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# बांग्लादेश के हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में जनजागरण रैली निकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में हिंदू रक्षा मंच के तत्वाधान में स्थानीय लोहिया चौक में जनजागरण रैली निकाली गई एवं आमसभा हुई। इस अवसर पर मंचस्थ नगर पुरोहित पंडित पंकज तिवारी गायत्री परिवार से शशिप्रभा थिटे, रविदास समाज से बुधेश्वर सोनवानी, महंत लखन मुनि, बाबा योगेंद्र महाराज दुरुगपाली, इस्कॉन से कृष्णा दास, आदिवासी समाज से कमलेश ध्रुव एवं कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मीकांत पाणिग्रही उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम अतिथिओं द्वारा भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। पुरोहित पंडित पंकज तिवारी ने कहा कि विगत कुछ समय से बांग्लादेश में रह रहे हिंदूओं का लगातार उत्पीड़न हो रहा है। हिंदू संतों को गिरफ्तार किया जा रहा है। उनके पूजा स्थल मंदिर आदि पर इस्लामिक कट्टरपंथी निरंतर हमले कर रहे हैं। इसी क्रम में इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्ण दास को आतंकवादी की तरह व्यवहार करते हुए उन्हें जेल में डाल दिया गया। उनके साथ अमानवीय बर्बरता की गई है। विगत कुछ समय से मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार में हिंदुओं के घरों में तोड़फोड़ आगजनी के साथ ही उनके परिजनों पर हमले व मातृशक्ति के साथ दुराचार की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं। यहां तक कि हिंदू नाम रखने वालों के साथ मारपीट व उनके व्यवसाय पर हमले हो रहे हैं। उनके पूजा स्थलों को अपवित्र किया जा रहा है। इन घटनाक्रमों से भारत समेत संपूर्ण विश्व में रह रहे हिंदुओं में आक्रोश व्याप्त है। वहीं तथाकथित अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन जैसे आंख बंद किए है। उनका मौन ऐसे संगठनों की भूमिका को सन्देहास्पद सिद्ध करता है। पड़ोसी देश बांग्लादेश में हो रहे इस अमानवीय घटनाक्रम के विरुद्ध देशभर में हिंदू समाज ने शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करते हुए इस विषय को स्थानीय प्रशासन के माध्यम से संज्ञान में लाकर केंद्र सरकार से तत्काल आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। सभा में शशिप्रभा थिटे, बुधेश्वर सोनवानी, करेकसा आश्रम के महंत लक्ष्मण मुनि, कमलेश ध्रुव ने भी अपनी बात रखी।

## राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन



### विधर्मियों से एकजुट होकर लड़ें

कार्यक्रम के संयोजक लक्ष्मीकांत पाणिग्रही ने बांग्लादेश में हो रही घटनाओं की कड़ी भर्त्सना की एवं विधर्मियों से एकजुट होकर लड़ने की बात कही। उन्होंने कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों एवं समाज प्रमुख व नागरिक बंधुओं के उपस्थित रहने पर आभार प्रदर्शन किया तत्पश्चात हिंदू रक्षा मंच जिला महासमुंद के द्वारा राष्ट्रपति राज्यपाल के नाम से राजस्व अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे इस्लामिक अत्याचार उत्पीड़न व हिंदू आस्था के केंद्र मंदिरों में तोड़फोड़ रोकने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने अनुरोध किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिले से आए जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक बंधु एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अशोक गिरी गोश्वामी ने की।

विवाद : भाजपा पार्षदों ने की वेतन काटने और जन विरोधी मामला दर्ज करने की मांग

# नगर पालिका प्रतिनिधियों के विवाद में बेवजह पिस रहे नगर के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- हड़ताल लोगों के लिए बनी मुसीबत, सोमवार को जनसेवा से जुड़ी तमाम सेवाएं रहीं प्रभावित

नगर पालिका अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद के बीच हुए कथित मारपीट का मामला अब गहराता जा रहा है। जिसका खमियाजा नगर के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। बता दें कि पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग से अभद्रता तथा मारपीट के विरोध तथा पूर्व पार्षद पंकज साहू की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नगर पालिका कर्मचारी संघ ने अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरु कर दिया।

सोमवार को मिशन क्लीन सिटी की स्वच्छता दीदीयों तथा पालिका के सफाई कर्मचारियों ने पालिका दफ्तर के समक्ष धरना दिया तथा नारेबाजी की। सोमवार को जनसेवा से जुड़ी तमाम सेवाएं प्रभावित रही। मंगलवार सुबह शहर में नल नहीं खुले तथा सोमवार शाम स्ट्रीट बिजली भी नहीं जली। लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं कर्मचारियों का वेतन काटने और जन विरोधी मामला दर्ज करने की मांग को लेकर भाजपा पार्षदों ने विधायक एवं कलेक्टर से मुलाकात किया है। जिससे और मंगलवार को सुबह वार्डों में जलापूर्ति बाधित होने के साथ ही स्ट्रीट लाईटें बंद रही व सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई। कर्मचारियों द्वारा जनता को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखने के विरोध में आज भाजपा पार्षदों ने मोर्चा खोलते हुए विधायक एवं कलेक्टर से मुलाकात कर मूलभूत सुविधा बहाल करने की मांग करते हुए दोषी कर्मचारियों का वेतन काटने और जन विरोधी मामला दर्ज करने की मांग की है।




### सीएमओ किए गए संस्पेंड

कलेक्टर ने देर शाम पालिका सीएमओ विजय कुमार पांडेय को निलंबित कर दिया है। इस आशय के लिए जारी आदेश में कलेक्टर द्वारा अस्थायी रूप से आगामी आदेशपर्यंत तुमगांव नगर पंचायत के सीएमओ क्षीरसागर नायक को तुमगांव के पद के साथ महासमुंद का भी प्रभार सौंपा गया है।



### मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो रहे शहरी

नगरपालिका के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व पार्षद विक्रम सिंह ठाकुर ने कलेक्टर की अनुपस्थिति में मंगलवार को डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा से मुलाकात की और नगर पालिका की वर्तमान स्थितियों को देखते हुए जिम्मेदार अधिकारी सीएमओ व अन्य जिम्मेदार कर्मचारी अधिकारियों को सस्पेंड करने की मांग की। इस दौरान विक्रम सिंह ठाकुर (पूर्व नेता प्रतिपक्ष), गणेश नायक, राजकुमार राठौर, दिग्विजय साहू, लाल विजय सिंह, अग्रज शर्मा, संतोष साहू, विजय बघेल व अन्य उपस्थित रहे। ठाकुर ने कहा है कि वर्चस्व की लड़ाई में पालिका प्रतिनिधि नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित कर रहे हैं। जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है।

## भाजपा पार्षदों ने ली पत्रकारवार्ता, कहा-नपाध्यक्ष जनता के हितों से कर रहीं खिलवाड़

प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान भाजपा पार्षद देवीचंद राठी, मीना वर्मा, महेंद्र जैन, मनीष शर्मा, मुन्ना देवार ने कहा कि स्थानीय नगर पालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों पर दबाव डालकर जनता की मूलभूत सुविधा को छीनने का दुष्कृत्य कार्य किया गया है। पार्षदों का आरोप है कि रात में शहर की पानी टंकियों के वाल्व खोल दिए गए। उन्होनें कहा कि विगत दिनों हुई नगर पालिका में मारपीट की घटना पुलिस जांच में है। दोषियों पर कार्रवाई होगी, कानून पर हमें पूरा विश्वास है। पार्षदों ने आरोप लगाया कि नपाध्यक्ष ने अपनी राजनीतिक छवि चमकाने



शहर की जनता के हितों के साथ खिलवाड़ कर रही है। शहर में सफाई, नल, बिजली के लिए जनता शुल्क चुकाती है, पर अपने राजनीतिक फायदे के लिए नपाध्यक्ष पालिका प्रशासन का दुरूपयोग कर रही हैं। यदि किसी राजनीतिक दबाव में अधिकारी-कर्मचारी जनता की मूलभूत सुविधाओं को बंद करते हैं तो शहर की हर वार्ड की जनता पालिका प्रशासन और अध्यक्ष के खिलाफ सड़क पर उतरेगी। उन्होंने मांग की कि राजनीतिक दुर्भावना के चलते नपाध्यक्ष शहर की जनता को मिलने वाली सुविधाओं को छीनने का काम न करें।

# खेमड़ा जांच चौकी में 140 कट्टा धान जब्त

जिले में अवैध धान परिवहन पर प्रशासन की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में अवैध धान भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर सतत कार्रवाई जारी है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बागबाहरा उमेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में मंडी इंस्पेक्टर ने खेमड़ा जांच चौकी पर बड़ी कार्रवाई की है।

बीती रात मंडी इंस्पेक्टर सिदार और साजिद खान की उपस्थिति में रजन यादव, निवासी टरबोड़ा, नुआपाड़ा (ओडिशा) से 140 कट्टा धान जब्त किया गया। रजन यादव द्वारा दो अलग-अलग वाहनों के माध्यम से 70-70 कट्टा धान अपने घर से खेमड़ा ले जाया जा रहा था। जांच के दौरान रंजन यादव परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहे, जिसके कारण यह कार्रवाई की गई। जिले में अवैध धान व्यापार पर प्रशासन की सख्त नजर है, और इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।


## जन चौपाल में प्राप्त हुए 47 आवेदन

**महासमुंद।** जिला कार्यालय में हर मंगलवार को आयोजित जन चौपाल में आज जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे लोगों द्वारा अपनी मांगों व समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपा गया। सीईओ जिला पंचायत एस आलोक ने बारी-बारी से लोगों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 47 आवेदन प्राप्त हुए। इसके साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जन चौपाल में आवेदकों द्वारा प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अतिक्रमण हटाने एवं अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन सौंपे गए। सीईओ एस आलोक ने संबंधित अधिकारियों को मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

खरीदी केंद्र पहुंचे पूर्व विधायक जायसवाल और चंद्राकर ने सुनीं समस्याएं

# नमीमापक मशीन में गड़बड़ी, तौल में मार रहे डंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



प्रदेश में कांग्रेस द्वारा 'धान खरीदी केंद्र चलो अभियान अंतर्गत आज मनेंद्रगढ़ के पूर्व विधायक विनय जायसवाल और पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर बिरकोनी, तुमगांव, पटेवा और झलप धान खरीदी केंद्र पहुंचकर धान बेचने पहुंचे किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं से रू-ब-रू हुए। धान बेचने पहुंचे बिरकोनी के किसान रामाधर यादव, रामशरण साहू, रमेश कुमार, गणेशराम साहू, हरिश्चंद्र यादव, टेमन चंद्राकर, यशवंत चंद्राकर ने कहा कि यहां धान की नमी नापने वाली दो मशीनें है, पर दोनों मशीन एक ही धान के लाट को अलग- अलग नमी बताता है। जिससे किसान परेशान हैं। जिससे कई किसानों को अपना धान वापस ले जाना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि एक बोरे का वजन 540 से 560 ग्राम तक है पर धान की तौलाई में बोरे का वजन 750 ग्राम बताकर धान तौला जा रहा है जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है। इसके अलावा मिलर्स से जो बारदाने आए हैं उसमें बहुत से बारदाने खराब हैं। किसानों ने कहा कि धान कटाई जोरों पर है। केंद्र से धान का उठाव शुरू नहीं हुआ है। इधर, किसान लगातार धान लेकर केंद्र पहुंच रहे हैं, यदि जल्द ही उठाव शुरू नहीं हुआ तो धान जाम होने से खरीदी प्रभावित होगी। हर रोज 1611 कट्टा धान लिया जा रहा है। अभी दो दिन का धान केंद्र में पड़ा है जिसकी तौलाई नहीं हो पाई है । इसलिए धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की जरूरत है नहीं तो बहुत से किसान निर्धारित अवधि में धान नहीं बेच पाएंगें।

### किसानों के हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे: विनोद

पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि धान खरीदी शुरू होने के 15 दिन बाद भी पूरे प्रदेश में लगभग चार लाख किसान ही अपना धान बेच पाए हैं। जबकि इस साल धान बेचने के लिए 27 लाख से ज्यादा किसान पंजीकृत हैं। इस स्थिति में 160 लाख टन का लक्ष्य सरकार इतने कम समय में पूरा करेगी, इस पर संशय है। इसके अलावा किसानों को धान बेचने के लिए समितियों में टोकन भी नहीं मिल रहा है। किसानों से 130 से 150 ग्राम अधिक लिया जा रहा है। बारदाने की कमी है। वादे के अनुसार एकमुश्त तो छोड़िए, कम राशि किसानों को दी जा रही है। हम किसानों के हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

### ठगा महसूस कर रहे हैं किसान : जायसवाल

मनेंद्रगढ़ के पूर्व विधायक विनय जायसवाल ने कहा कि हम खरीदी केंद्र पहुंचकर प्रदेश के अन्नदाताओं की स्थिति जानने पहुंचे हैं। भाजपा सरकार 15 दिन विलंब से धान खरीदी कर रही है। केन्द्रों में मास्टर मशीन में तकनीकी खामी, खराब बारदाने, समय से खरीदी नहीं होना जैसी कई कमियां देखने को मिली है। वर्तमान सरकार में राइस मिलर परेशान हैं, किसान परेशान है। बड़े-बड़े वादे करके सत्ता में आई भाजपा किसानों से किए वादे पर खरा नहीं उतर रही है। 3100 रुपए प्रति क्विंटल एकमुश्त राशि देने का वादा था पर अब किसानों के खाते में मात्र 2300 रुपए आ रहा है। जिससे किसान खुद को ठगा सा महसूस कर रहा है।

### कांग्रेस का धान खरीदी केंद्र चलो अभियान हुआ प्रारंभ

बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा धान खरीदी में अव्यवस्था तथा किसानों को हो रही परेशानियों को लेकर 3 दिसंबर से पूरे प्रदेश में कांग्रेस ने धान खरीदी केंद्र चलो अभियान प्रारंभ किया है। जिसके तहत प्रदेश कांग्रेस कमेंटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने जिलेवार प्रभारियों की नियुक्ति की है। श्री बैज ने महासमुंद जिले के लिए पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर, बसना के पूर्व विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, सरायपाली विधायक श्रीमती चातुरी नंद तथा विनय जायसवाल को प्रभारी बनाया है। इसी के तहत आज पूर्व विधायक विनय जायसवाल और पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर सबसे पहले धान खरीदी केंद्र बिरकोनी पहुंचे थे। यहां उन्होंने किसानों से बात की। केंद्र में आज बिरकोनी गांव के किसान धान लेकर पहुंचे थे।

# शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का झांसा देकर ठगी, 9 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- रायपुर पुलिस ने मामले में महासमुंद से भी एक आरोपी को गिरफ्तार किया

राजधानी पुलिस ने साइबर ठगी के 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक महासमुंद का भी निवासी है। आरोपी महासमुंद, बिलासपुर, रायपुर, पुणे में छिपे रहे। आरोपियों ने जिले के अलावा कई जगह लोगों से ठगी की थी। आरोपियों के खिलाफ रायपुर, महासमुंद, बिलासपुर, भिलाई समेत कई थानों में मामला दर्ज था।

पुलिस ने बताया कि शेयर ट्रेडिंग में 3 करोड़ से ज्यादा की ठगी कर चुके हैं। पुलिस आरोपियों की लगातार खोजबीन कर रही थी। साइबर सेल की मदद से आरोपियों के सिम को ट्रेस कर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी लोगों को शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का झांसा देकर ठगी करते थे और कुछ दिनों बाद फरार हो जाते थे। इसके लिए कई जगह किराए का मकान भी लिए थे। जहां फर्जी आईडी देते थे। इसके चलते पुलिस को खोजने में दिक्कतें हो रही थी। कई प्रार्थियों के पैसों को बैंक की मदद से होल्ड कराया गया है। प्रकरण में रविंदर सिंह चावला (53) पंजाबी कॉलोनी महासमुंद, दीपक टीलवानी (31) महावीर नगर न्यू राजेंद्र नगर रायपुर, तरुण उर्फ रौनक नचरानी (24) आनंद नगर तेलीबांधा को गिरफ्तार किया गया है।




## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

**खबर संक्षेप**



## 21 को बरबसपुर में घासीदास जयंती व मड़ई मेला

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर में संत शिरोमणि गुरु घासीदास जयंती व मड़ाई मेला का आयोजन 21 दिसंबर शनिवार को रखा गया है। दोपहर 2 बजे सामाजिक जनप्रतिनिधियों द्वारा पालो चढ़ाकर शुभारंभ किया जाएगा। मड़ई मेला का आयोजन दोपहर 3 बजे होगा। कार्यक्रम स्थल पर रायपुर डोमा के जय मिनीमाता बालिका पंथी नृत्य व धनसुली बाराडेरा सत के दियना पंथी पार्टी की प्रस्तुत दी जाएगी। रात्रि 10 बजे सुरवर्षा श्याम कुटेलिहा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर समस्त सतनामी समाज के सदस्य उपस्थित रहेंगे। उक्तशय की जानकारी हितेश सोनवानी ने दी।

## प्रत्यक्ष चुनाव कैबिनेट फैसला जनता की ताकत बढ़ाने वालाः साहू

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने छत्तीसगढ़ में महापौर पालिका व नगर पंचायत के अध्यक्ष सीधे चुने जाने के



प्रदेश सरकार के निर्णय का स्वागत करके मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व उपमुख्यमंत्री अरुण साव और कैबिनेट को धन्यवाद देते हुए। साहू ने कहा कि यह कदम जनता की ताकत बढ़ाने वाला साबित होगा।

## मां चंडी विकास समिति की बैठक में जीवनलाल अध्यक्ष, रूमेलाल सचिव चुने गए

**महासमुंद।** मां चंडी विकास समिति बिरकोनी की वार्षिक बैठक हुई जिसमे तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए प्रबंध कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष जीवन लाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश चंद्राकर, सचिव रूमेलाल साहू, सह सचिव अजय बाफना, कोषाध्यक्ष विजय चंद्राकर चुने गए। इसी तरह कार्यकारणी सदस्यों के लिए रामभरोसा चंद्राकर, बलराम पटेल, राजेंद्र चंद्राकर, दिनेश्वर चंद्राकर, तेजनाथ चंद्राकर, मन्नू मालेकर, चंदन चंद्राकर, ताम्रध्वज निषाद, नर्सिंग यादव व रूपनारायण वर्मा को मनोनीत किया गया। बैठक में मां चंडी विकास समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### आयोजन : आशीर्वाद समारोह में शामिल हुए गुरु टिकी बाबा महाराज

# सवरा समाज के कार्यक्रम में शिक्षा और नशामुक्ति पर हुई चर्चा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना**

सवर, सवरा समाज केंद्र सिंघनपुर द्वारा समाज को शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने हेतु सवरा समाज द्वारा दो दिसंबर को सवरा समाज के गर्व और गौरव, वंश वृक्ष, समाज के पुरोधा एवं भालूंका आश्रम भुवनेश्वर के आध्यात्मिक गुरु श्री टिकी बाबा महाराज की गरिमामयी उपस्थिति में आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। बाबा भालूंका भुवनेश्वर से नुआपड़ा जिला से झारबंद होते हुए बसना पहुंचे।

बसना में विश्राम गृह में कुछ देर रुककर विश्राम किये वहां सीएमओ बसना सूरज सिदार द्वारा स्वल्पाहार का व्यवस्था किया गया था। स्वल्पाहार लेने के पश्चात फणींद्र भोई एवं गजानन भोई बाबा को लेकर सीधा शबरी माता मंदिर केंद्र सिंघनपुर पहुंचे। बाबा जैसे ही सिंघनपुर पहुंचे वहां समाज के पदाधिकारी गण सिंघनपुर के स्थानीय निवासी एवं सामाजिक जन बाजे गाजे एवं ढोल नगाड़े आतिशबाजी एवं जोश के साथ बाबा का स्वागत किया गया। सिंघनपुर में बाबा ने मां शबरी की विधिवत पूजा अर्चना की एवं वहां पर एक वृक्ष मां शबरी के नाम थीम पर वृक्षरोपण किया। उसके पश्चात आशीर्वाद समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए सराईपाली स्थित सिमरन पैलेस पहुंचे वहां भी बाबा का स्वागत बड़े धूमधाम एवं गर्मजोशी से बाजे गाजे एवं आतिशबाजी के साथ किया गया। आशीर्वाद समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ सवरा समाज के परम्परा अनुसार समाज के आराध्या देवी मां शबरी की पूजा श्री




टिकी बाबा एवं केंद्र सिंघनपुर के पुजारी द्वय अलेख भोई एवं चैतराम भोई ने दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना एवं वंदना की गई एवं कार्यक्रम को आगे बढ़ाया पूजा अर्चना पश्चात भालूंका भुवनेश्वर उड़ीसा से आये समाज के गुरु टिकी बाबा महाराज एवं उनके साथ आए अतिथियों का पगड़ी,अंगवस्त्र, पुष्पहार एवं पुष्पगुच्छ से जोरदार स्वागत किया गया साथ ही स्थानीय वरिष्ठ पदाधिकारियों का भी स्वागत किया गया। उसके पश्चात उद्बोधन की कड़ी में सर्वप्रथम जयदेव भोई पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं संरक्षक ने अपने उद्बोधन में बताया कि छ. ग. में जाति प्रमाण प्रमाण जारी नहीं होने पर किस तरह पूरे छ. ग. में समस्या निर्मित हो गई थी। जिसके लिए 1 नवंबर 2017 को चक्काजाम किए सभी एकजुट होकर संघर्ष किया सफलता मिली। संघर्षो की कहानी पर प्रकाश डाला और उपस्थित समाज को संगठित होने का संदेश दिया। उद्बोधन की कड़ी में बालकृष्ण सबर अध्यक्ष नुआपाड़ा जिला ने समाज को संगठित होकर समाज को मजबूती प्रदान करने का संदेश दिया।

फणींद्र भोई संवैधानिक सलाहकार छग ने भी सवरा समाज संगठित रहो शिक्षित बनो, लड़ेंगे जीतेंगे का नारा देते हुए सब को एकजुट रहने का संदेश दिया। उद्बोधन कि कड़ी में गजानन भोई प्रदेश महामंत्री ने संघे शक्ति कलियुगे का नारा देकर वर्तमान में संघ का क्या महत्व है को बताया और संगठित होकर रहने का संदेश दिया।

अंतिम वक्ता के रूप में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टिकी बाबा महाराज ने कहा कि समाज को नशामुक्त और शिक्षित समाज बनाने हेतु कार्यक्रम में उपस्थित नारी शक्ति को यह जिम्मेदारी दी और समाज के लोगों को से अपील किया एवं उपस्थित सभी सामाजिक जनों को सुखमय जीवन जीने के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाबा के साथ ओडिशा से बनमाली दास बनू बाबा, बालकृष्ण शबर, तेजराम शबर, निरंजन विशाल एवं स्थानीय पदाधिकारी महिला प्रकोष्ठ से चंद्रकांति भोई, राजकुमारी रावल, बनमोती भोई, देवकी भोई, भोई महामंत्री लोकनाथ भोई, शौकीलाल, राजेंद्र भोई, भोई, वेणुधर भोई जिला महासमुंद के जिलाध्यक्ष सुरेश मलिक, जिला कोषाध्यक्ष रोशन भोई, चूड़ामणि भोई, सारथी भोई, नित्यानंद विशाल, कृतिवास भोई, विराट भोई, पृथ्वीराज भोई, वकील नाग, गजानंद भोई (बम्हनी) गिरधारी भोई, मेघनाथ भोई, उजल राजहंस, महेद्र बाघ, राजेश बाघ, दशरथ भोई, अनिल नाग, परस भोई, मोतीलाल भोई , हरिप्रसाद भोई, आदि सैकडों की संख्या में समाज जन कार्यक्रम में उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन चिंतामणि भोई प्रदेश सचिव एवं आभार प्रदर्शन युवराज रावल प्रदेश कोषाध्यक्ष ने किया।

## ड्यूज गेंद से पहली बार आयोजित हो रही फुलझर प्रीमियर लीग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली**

फुलझर क्रिकेट संघ के तत्वावधान में पहली बार फुलझर प्रीमियर लीग का आयोजन ग्राम बैतारी के दीनाकाशी मैदान में किया जा रहा है। फुलझर क्रिकेट संघ और मां रुद्रेश्वरी क्रिकेट क्लब बैतारी के सामूहिक प्रयास से यह टूर्नामेंट 4 से 12 जनवरी 2024 तक आयोजित होगा। आईपीएल की तर्ज पर हो रहे इस टूर्नामेंट में ड्यूज गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा, जो इसे और भी रोमांचक बनाएगा। इस टूर्नामेंट के प्रायोजक मित्र फिट क्लब होगा। फुलझर क्षेत्र के खिलाड़ियों में एफपीएल को लेकर जबरदस्त उत्साह है। सिर्फ दो दिनों में ही 120 खिलाड़ियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के दौरान पहनने के लिए विशेष पोशाक भी प्रदान की जाएगी।

खिलाड़ियों का विभाजन भी जल्द किया जाएगा। यह विभाजन खिलाड़ियों की भूमिकाओं जैसे बैट्समैन, विकेटकीपर, ऑलराउंडर और बॉलर के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए बैठकों का दौर जारी है। बैठक के लिए मां रुद्रेश्वरी क्रिकेट क्लब बैतारी के सदस्य आशीष शनिकर, विकास बेहरा, राजा साहू , मानस सेठ और उनके साथियों के द्वारा किस तरह से इस चयन प्रक्रिया को घर बैठे लाइव देखा जा सकता है, इस पर जोरों से तैयारी कर रहे हैं, जिससे दर्शकों को टूर्नामेंट की शुरुआत से ही जोड़े रखने का प्रयास किया गया है, आगामी टूर्नामेंट के रूपरेखा और सफल आयोजन के लिए भी मां रुद्रेश्वरी क्रिकेट क्लब बैतारी के खिलाड़ी जोरो से तैयारी में लगे हुए हैं। एफपीएल के मालिकों में गिरजाशंकर स्वर्णकार(सिंघनपुर), उमाशंकर ध्रुव (दृश्यम) (बगईजोर), नूराधन साहू (कलेंडा), रमेश चौधरी (सरायपाली), प्रदीप भोई (जंगलबेड़ा), धीरेंद्र साहू (ताला बैतारी), सचिन शर्मा (दुधिपाली), ओमप्रकाश मांझी (सरायपाली) शामिल हैं। ये अपनी-अपनी टीमों को मैदान में उतारने के लिए तैयार हैं। फुलझर क्रिकेट संघ में पहले से पंजीकृत 50 से अधिक टीमों के खिलाड़ी और क्षेत्र के नागरिक इस आयोजन को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह टूर्नामेंट न केवल खिलाड़ियों के लिए, बल्कि दर्शकों के लिए भी एक अद्भुत अनुभव होगा। पिछले दिनों हुई बैठक में फुलझर क्रिकेट संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र साहू ने पीसीएस के सदस्य सुनील साहू को एफपीएल का चेयरमैन नियुक्त किया, इस आयोजन में सुनील साहू का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। तथा इस आयोजन को पीसीएस परिवार के सभी सदस्य, खिलाड़ियों, ग्राम बैतारी के खिलाड़ियों और ग्रामवासियों के सहयोग से सफल बनाया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31000 रुपए तथा द्वितीय पुरस्कार 21000 रुपये रहेगा।

फुलझर क्रिकेट संघ के सचिव चूड़ामणि साहू ने बताया कि एफपीएल क्षेत्रीय क्रिकेट को नई दिशा देने वाला एक ऐतिहासिक आयोजन साबित होगा। फुलझर प्रीमियर लीग का उद्देश्य फुलझर प्रीमियर लीग का मुख्य उद्देश्य स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और उन्हें बड़े मंच के लिए तैयार करना है। ड्यूज गेंद के साथ खेला जाने वाला यह टूर्नामेंट क्षेत्रीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

## गोस्वामी समाज जिला इकाई के सदस्य कर रहे सामाजिक लोगों से मुलाकात

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद**

छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा विगत दो वर्षो की भांति इस वर्ष भी जिले के निवासी समाज जनों के घर पहुंचे और सौजन्य भेंट की।

इसी क्रम में समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, उपाध्यक्ष रामेंद्रप्रकाश गिरि, संगठन सचिव शंकर पुरी, सचिव ओमप्रकाश पुरी, कोषाध्यक्ष डिगेंद्र गिरि, युवा प्रकोष्ठ संयोजक यशवंत गिरि द्वारा लभरा कला, आमाकोनी, खुटेरी, खम्हारमुड़ा, डोंगरीपाली, कोसरंगी, सिरगिड़ी, मामाभांचा तथा पचेड़ा में रहने वाले समाज के लोगों के घर जाकर बुजुर्गों, माताओं, युवाओं तथा छोटे बच्चों से मिलकर उनके स्वास्थ्य, कामकाज तथा पढ़ाई लिखाई आदि के बारे में बातें किए। साथ ही आगामी 24 व 25 दिसंबर को जिले में होने वाले दो दिवसीय सामाजिक कार्यशाला तथा पारिवारिक सम्मेलन का निमंत्रण भी दिया गया। इसके अलावा 14 दिसंबर को राजिम में होने वाले दत्तात्रेय प्राकट्योत्सव का आमंत्रण दिया गया। समाज के सदस्य भी पदाधिकारियों को अपने बीच पाकर प्रसन्नता के साथ स्वागत सत्कार कर रहे हैं।



## महतारी वंदन से सास-बहू के रिश्तों में आई मिठास

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद**

महतारी वंदन योजना जरूरतमंद महिलाओं की जिंदगी बदलने से लेकर रिश्तों में आई कड़वाहट को भी मिठास में बदल रही है। अमूमन यह कहा जाता है कि सास और बहू के रिश्ते में खटास आ ही जाती है। लेकिन इस योजना ने इस खटास को भी मिठास में बदल दिया है।

महासमुंद विकासखंड के ग्राम बेमचा की रहने वाली शैलेंद्र ध्रुव की बहू गेस कुमारी एक ही घर में एक ही छत के नीचे खुशी से जीवन यापन कर रही है। पिछले तीन वर्षों से बहू उनके साथ रह रही है। अभी वर्तमान में उनके यहां नया मेहमान भी आने वाला है। गरीबी और आर्थिक परिस्थितियों से जूझ रहे इस परिवार के लिए दो हजार रुपए प्रतिमाह की आवक बड़ी राशि है। इससे दैनिक खर्च के अलावा छोटी मोटी स्वास्थ्यगत समस्याओं का भी समाधान आसानी से हो जाता है। हालांकि दोनों के बीच कभी अनबन नहीं रही। सास शैलेंद्री ध्रुव हमेशा बेटी की तरह ही अपनी बहू को लाड़ करती है। यह संयोग ही है कि जैसे महतारी वंदन योजना की शुरूआत हुई वैसे ही घर में नए मेहमान आने की सुखद समाचार भी मिला। जिससे घर में खुशियों का संचार दोगुना हुआ। अभी उनकी बहू गेस कुमारी के यहां नए मेहमान दस्तक देने वाले हैं। उन्होंने बताया कि ऐसी स्थिति में उनका नियमित चेकअप, खानपान और स्वास्थ्य का देखभाल करना जरूरी हो जाता है। ऐसे महतारी वंदन की राशि जो हर माह में नियमित रूप से मिल जाती है, से सास के रूप में मेरी चिंता दूर हुई। मेरे पति और बेटे कृषि और मजदूरी कर जीवन यापन चलाते है। ऐसी परिस्थिति में इस राशि का कितना महत्व है यह हमसे बेहतर कोई नहीं बता सकते। उन्होंने राज्य के मुखिया विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस योजना से आर्थिक मजबूती के साथ-साथ रिश्तों में मिठास आई है।



ज्ञात है कि इस योजना से 12 हजार रुपए वार्षिक वित्तीय सहायता विवाहित महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपए उनके खाते में दी जा रही है। महासमुंद जिले में कुल 3 लाख 26 हजार महिलाओं को लाभ मिल रहा है। शासन द्वारा 10 किस्तों का भुगतान किया जा चुका है।

## रोजगार, कैरियर मार्गदर्शन जागरूकता रैली

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली**

डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में संचालित रासेयो इकाई के द्वारा डॉ मालती तिवारी रासेयो जिला संगठक के मार्गदर्शन व डॉ किशोर कुमार तिवारी प्राचार्य के दिशा निर्देश एवं कमला बाई दीवान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में ग्राम खपरीडीह में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिवस में जितेन्द्र कुमार पटेल सहायक प्राध्यापक वाणिज्य के द्वारा कैरियर एवं रोजगार मार्गदर्शन के बारे में विस्तार से जानकारी दिए। आरके पटेल रासेयो कार्यक्रम अधिकारी दुर्गा उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय नंबर के द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र एवं सफल व्यक्तियों के उदाहरण देकर स्वयंसेवकों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किये।साथ ही शाम को स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्राम खपरीडीह के ग्रामीण जनो को जागरूक करने का प्रयास किया। साथ ही प्रेरणादायक रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन संपर्क भी स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सुरेंद्र कुमार भोई, निर्मल पुरोहित, नेहरूलाल चौधरी, अनिल कुमार चौधरी, चरण सिंह, लक्ष्मी नायक, गीतांजलि भोई एवं धर्मेंद्र भोई शिविर संगठक, किशन नंद शिविर दल नायक, जीतू साहू उप दल नायक एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।




## शांत्रीबाई कॉलेज में मनाया गया दिव्यांग दिवस

**महासमुंद।** आज शांत्रीबाई कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय बीएड विभाग की विभागाध्यक्ष मेनका चंद्राकर द्वारा किया गया। जिसमें महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का शुभारंभ बीएड विभाग अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति दिव्यांग शरीर से नहीं मानसिकता से होता है, अगर मन में दृढ़ निश्चय हो तो हर कार्य सफल हो सकता है। आज बहुत से उदाहरण समाज में प्रस्तुत है जो दिव्यांग है परंतु किसी पर आश्रित नहीं वे स्वयं अपना हर कार्य करने में सक्षम है। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए राजनीति विज्ञान सहायक प्रध्यापक व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी गायत्री चंद्राकर ने भी दिव्यांग दिवस के अवसर पर उनके जीवन जीने का तरीका, शिक्षा प्राप्ति, कठिनाइयां सब के बारे में अवगत कराया और साथ ही ऐसे लोगों की हमेशा मदद करने का भी प्रयास करने को कहा। पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण कविता और नित्य प्रस्तुत कर दिव्यांग के महत्व को प्रस्तुत किया गया। जिसमें महाविद्यालय स्टाफ नारायणन चक्रधारी, विष्णु चंद्राकर, गुलाब चंद्राकर, शत्रुघ्न पटेल, देवेंद्र चंद्राकर, लुकेश साहू, हिना चंद्राकर, रेशम लाल साहू,आकांक्षा सिंह, नवशीन अयूबी,लता महिलांग, गीतांजलि देवांगन, देवानंद चंद्राकर, बलराम चंद्राकर, अर्पित चंद्राकर, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल एवं सह प्राध्यापक गण की भी उपस्थित रहे।



## एक तरफ चोरी करने रैकी कर रहे दूसरी ओर सूने मकान से लाखों रुपए के जेवर चोरी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर**

बदमाशों के साथ चोर, पुलिस को लगातार चुनौती देते आ रहे हैं। टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक कोलोनी में चोरों द्वारा कालोनी में चोरी करने रैकी करने का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है। दूसरी घटना में चोर एक टेक्नालॉजी कंपनी के एचआर के सूने मकान में धावा बोलते हुए लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक लालपुर, जैनम विहार कालोनी निवासी अमित कुमार रावत ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अमित ने पुलिस को बताया है कि पिछले महीने 29 नवंबर को वह अपने परिवार के साथ जबलपुर गया था। रविवार सुबह अमित जबलपुर से लौटा, तो उसने देखा कि हाल के दरवाजे में लगा ताला टूटा हुआ था। कमरे की कुंडी खुली हुई थी। चोर अलमारी का लॉक तोड़ लॉकर में रखे नकदी दस हजार रुपए सहित सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए थे।



***कालोनी में रैकी करते दिखे चार शातिर :*** एक अन्य घटना में टिकरापारा थाना क्षेत्र के लालपुर स्थित आकृति विहार में चार शातिरों का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें एक बदमाश के हाथ में रॉडनुमा हथियार दिख रहा है।

## प्रधानाचार्य एवं संयोजक मंडल की बैठक संपन्न






**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिरकोनी**

झलप संकुल के सरस्वती शिशु मंदिर बावनकेरा मुंगई माता मंदिर परिसर में जिला स्तरीय प्रधानाचार्य एवं संयोजक मंडल का बैठक रविवार की संपन्न हुआ। अतिथि वृंद के रूप में रामचंद अग्रवाल संरक्षक सदस्य, पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सचिव, पूर्व कोषाध्यक्ष ग्राम भारती, धरम साहू जिलाध्यक्ष साहू समाज महासमुंद, पूर्व अध्यक्ष मुंगई माता मंदिर समिति, अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर झलप, धनेश सिन्हा अध्यक्ष जिला सहकारी समिति सोसायटी बावनकेरा, हनी सिंह गंभीर कोषाध्यक्ष, द्रोण चंद्राकर, बोधीराम चौधरी सदस्य ग्राम भारती, सनत कुमार पंडा सदस्य ग्राम,तारेन चंद्राकर अध्यक्ष मुंगई माता मंदिर समिति, जगत सिन्हा अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर बावनकेरा के आतिथ्य में बैठक संपन्न हुई।

सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा मुंगई माता मंदिर में दीप प्रज्ज्वलन पूजन किया गया। तत्पश्चात सभा कक्ष में मां सरस्वती प्रणव अक्षर ओम मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया। तत्पश्चात वंदना एवं अतिथि परिचय एवं स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात महासमुंद के जिला समन्वयक जयलाल प्रधान के द्वारा अखिल भारतीय चिंतन बैठक के सारांश एवं अनुकरणीय कार्य के चर्चात्मक बिंदुओं का वाचन किया गया।

पत्र वाचन के पश्चात रामचंद्र अग्रवाल के द्वारा पत्र में निर्देशित समस्त बिंदुओं पर गहन चर्चा किया गया। समस्त संयोजक मंडल एवं प्रधानाचार्यों को करणीय कार्य को किस प्रकार से पहले स्वयं पर अमल करें फिर भैया-बहनों का मार्ग प्रशस्त करें। विद्यालय के विकास के लिए हम किस प्रकार से योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन करें इस पर गहन चर्चा हुई। दोपहर में सामूहिक भोजन के पश्चात ग्राम भारती महासमुंद के कोषाध्यक्ष हनी सिंह गंभीर के द्वारा सभी प्रधानाचार्यों एवं संकुल प्रमुखों के साथ बैठकर विद्यालयीन समस्याओं पर चर्चा किया। उन समस्याओं को किस प्रकार से हम सभी मिलकर समाधान कर सकते है इस पर चर्चा किया गया। जिले के 58 विद्यालयों से 59 प्रधानाचार्य प्राचार्य 53 संयोजक मंडल के संयोजक एवं सदस्य जिला समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। उक्त जानकारी शिशु मंदिर अछरीडीह के आचार्य मैथलीशरण ठाकुर ने दी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### डॉ राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि दी गई

खरोरा। ग्राम खरोरा में भारत के प्रथम राष्ट्रपति व महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर ज्ञान गंगा विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर नमन किया इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षक लता चंद्राकर, हर्षा यादव, नीलम कोसरे, माधुरी पटेल, रुक्मणी सारथी, दीपा कुर्रे, वर्षा सारथी उपस्थित रहे। उक्ताशय की जानकारी मुकेश चंद्राकर ने दी।

### एसडीएम कार्यालय में पीड़ितों की समस्याएं सुनेंगे पूर्व विधायक



महासमुंद। पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने बताया कि बुधवार 4 दिसंबर को सुबह 11 बजे एसडीएम कार्यालय परिसर में राजस्व विभाग संबंधी समस्याओं से पीड़ित लोगों की समस्याएं सुनी जाएगी।



### स्कूल के बच्चों को सिखाया गया धनमौरी बनाना

महासमुंद। शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक तथा प्राथमिक शाला खट्टी के विद्यालय में प्रतिवर्षानुसार इस बार भी धनमौरी बनाना सिखाया गया। प्रधान पाठक भागवत जगत भूमिल के निर्देशन में छात्रों को प्रोजेक्ट वर्क के रूप में धनमौरी बना कर जमा करने के निर्देश दिए गए। विद्यालयीन कार्यक्रमों में जन समूह को जोड़ा जाता है। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रुप में भागवत जगत भूमिल, लीना पांडेय, त्रिवेणी कोसरे, त्रिवेणी चंद्राकर, अंजूम शेख, देवकुमारी ध्रुव, गौरी बाई ध्रुव, सेवती मानिकपुरी उपस्थित रहीं। जबकि, छात्रा प्रशिक्षक के रुप में झरना ध्रुव, प्रियंका ध्रुव, हेमलता साहू तथा पूजा ध्रुव ने बड़े ही मनोयोग से अपने सहपाठियों को धनमौरी कला को सिखाने में कठिन परिश्रम किया। धनमौरी बनाने के लिए धान की बालियों की व्यवस्था अध्यक्षा आस्था साहू, उपाध्यक्ष रामभरोसा साहू एवं रसोइया गंगा प्रसाद साहू ने किया।

## शिविर : सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

# अनुशासन की पाठशाला है राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर: सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भलेसर में 28 नवंबर से 4 दिसंबर 2024 तक सामुदायिक भवन ग्राम पंचायत भलेसर में मेरा युवा भारत तथा डिजिटल साक्षरता के लिए युवा विषय पर आयोजित है। शिविर छठे दिवस में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद एवं अध्यक्ष जनभागीदारी प्रबंधन समिति शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद, अध्यक्षता प्राचार्य प्रतिनिधि के रूप में डॉ. रीता पांडेय कला संकाय प्रमुख, विशिष्ट अतिथि डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद एवं टेमीन टिकेश्वर सिन्हा सरपंच ग्राम पंचायत भलेसर, टिकेश्वर सिन्हा सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत भलेसर, नूतेश सिन्हा पंच ग्राम पंचायत भलेसर मंचस्थ रहे। शिविर पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मंचस्थ अतिथियों का रासेयो बैज लगाकर स्वागत किया एवं प्रतीक चिन्ह, तुलसी पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शहर एवं गांव की दूरियों को पाटने का कार्य स्वयंसेवकों द्वारा किया जाता है। स्वच्छता एवं नशे पर लोगों को जनजागरुकता के माध्यम से उसके दुष्प्रभाव को बताकर उससे बचने के उपाय को समझाया जाता है वह कार्य सराहनीय है। श्रीराम से हमें यह सीख मिलती है कि रहना कैसे है एवं श्याम से हमें यह सिख मिलती है कि रखना कैसे है। राष्ट्रहित के कार्यों को रासेयो स्वयंसेवक द्वारा निस्वार्थ भाव से कार्य कर लोगों को जागरूक करना देशहित के लिए महत्वपूर्ण कार्य है। रासेयो शिविर अनुशासन की पाठशाला है।

स्वागत उद्बोधन में अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी पुरुष इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर में किए गए रासेयो गतिविधि एवं परियोजना कार्य द्वारा मैदान समतलीकरण, तालाब किनारे स्वच्छता अभियान, कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया।

### शिविर में दल नायक, उप दलनायक किए गए सम्मानित

डॉ. रीता पांडेय द्वारा सफलतापूर्ण चल रहे शिविर संचालन के लिए शुभकामनाएं दी एवं सभी स्वयंसेवकों को निरंतर आगे बढ़ने का शुभाशीष प्रदान किया। डॉ. मालती तिवारी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शिविर में जो सात दिनों तक शिविर दिनचर्या का पालन किया जाता है वह निश्चित ही उनके जीवन में एक बदलाव लाता है और दूसरों को अपेक्षा वह श्रेष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन करता है। रासेयो स्वयंसेवक यदि शिविर का पालन कर ले तो अपने जीवन में एक नई राह में आगे बढ़कर अपना भविष्य निर्माण कर सकता है। शिविर दल नायक गोपी सिन्हा एवं रोशनी राजपूत व शिविर उप दलनायक रोशनी राजपूत एवं खुशबू कन्नौजे को भी सम्मानित किया गया। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सभी शिविरार्थियों के दल नायक एवं उप दलनायक सहित सभी शिविरार्थियों को मंचस्थ अतिथियों के हाथों प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। विशेष सहयोग हेतु प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र एवं अविनाश चौहान जनभागीदारी व्याख्याता वाणिज्य को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी वरिष्ठ स्वयंसेवकों का भी प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। टेमीन सिन्हा ने सभी शिविरार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में टिकेश्वर सिन्हा, नूतेश सिन्हा, रमेश साहू, मुन्ना साहू, महाविद्यालय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मंचस्थ अतिथियों, शिविरार्थियों एवं ग्रामीण जनों का धन्यवाद ज्ञापन किया। संचालन प्रकाशमणि साहू सहायक कार्यक्रम अधिकारी रासेयो द्वारा किया गया।

# गुरु घासीदास संत समागम मेले में शामिल हुए विधायक अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

■ गढ़फुलझर में आयोजित किया गया संत समागम मेला



ग्राम गढफुलझर में आयोजित एक दिवसीय संत गुरु घासीदास बाबा संत समागम मेले में विधायक डॉ.संपत अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने संत गुरु घासीदास बाबा की श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना की और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। विधायक डॉ.संपत अग्रवाल के संत समागम मेले में शामिल सामाजिक बंधुओं द्वारा पुष्पहार पहनाकर मोमेंटो से स्वागत किया गया। इस आयोजन के लिए विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने मेला आयोजन समिति को बधाई और शुभकामनाएं दी।

विधायक डॉ.संपत अग्रवाल ने कहा कि जहां भी किसी कार्यक्रम में संतों का आगमन होता है उस स्थल का महत्व और उसकी प्रसिद्धि बढ़ जाती है। इस आयोजन के लिए मैं समाज को बधाई देता हूं। छत्तीसगढ़ में संत गुरु घासीदास बाबा की महिमा और उनके द्वारा दिए गए मनखे-मनखे का एक समान संदेश समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।आज प्रदेश में संत गुरु घासीदास बाबा का जन्म स्थल गिरौदपुरी धाम प्रदेश में सामाजिक समरसता, एकता और अखंडता के रूप में संदेश देता है यह स्थल एक दर्शनीय, जन आस्था और पर्यटन स्थलों के रूप में पहचाना जा रहा है। उन्होंने समाज के युवाओं को कहा कि सतनाम समाज का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। युवाओं को समाज के उत्थान और संत गुरु घासीदास बाबा के जीवनी तथा उनके संदेशों पर आधारित साहित्यों का अध्ययन करना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने सतनामी समाज के सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए 21 लाख रुपए की घोषणा किए।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, जितेंद्र त्रिपाठी, विधानसभा संयोजक डॉ एनके अग्रवाल, नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, दौलतराम रात्रे, महंत लखन मुनि साहेब, पत्रकार कल्याण महासंघ प्रदेश अध्यक्ष सेवकदास दीवान, प्रदेश सह सचिव ऋषिकेशन दास, ब्लाक अध्यक्ष अरुण साहू, मंडल अध्यक्ष माधव साव, बसना मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल,महामंत्री व विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु जायसवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी कामेश बंजारा,महामंत्री प्रहलाद साहू, निज सचिव नरेंद्र बोरे, मीडिया प्रभारी नवीन साव, सुवर्धन प्रधान, प्रदेश महासचिव लखन कुर्रे, समाज संरक्षक द्वय अभय धृतलहरे, खोलबाहरा निराला, सिख समाज अध्यक्ष जसवंत सिंह सलूजा, अग्रवाल समाज अध्यक्ष अजय अग्रवाल, समाज अध्यक्ष मिलापदास, वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सोमनाथ पांडे, संत लाभोदास, संत गुण प्रसाद धृतलहरे,संत गोपाल सत्यवंशी, वरिष्ठ पत्रकार सीडी बघेल, सुखदेव वैष्णव, भाजपा नेता सुरेश साहू, कमलचंद्र प्रधान, रोहित कोसरिया, रोशनदास भास्कर आदि सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

# नगर पालिका कर्मचारी संघ ने कहा-हड़ताल जारी, लेकिन मूलभूत सुविधा बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर पालिका अध्यक्ष के साथ पूर्व पार्षद द्वारा कथित मारपीट को लेकर कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं, इसके चलते नगर की मूलभूत सुविधा ठप हो गई थी। मंगलवार को कर्मचारियों ने नपा अध्यक्ष राशि महिलांग के आग्रह के बाद कर्मचारियों ने शहरवासियों की सुविधा के लिए मूलभूत बहाल करने का निर्णय लिया है। महिलांग ने कहा है कि मंगलवार शाम से मूलभूत सुविधाएं जनता को पुनः सुचारू रुप से प्राप्त होगी।

पालिकाध्यक्ष राशि महिलांग ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि शासन के लचर रवैयों के चलते वर्तमान स्थिति तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई जो प्रशासन के निक्कमेपन और आरोपी के साथ सांठगांठ को उजागर करता है। मुझ पर हुए हमले के चलते पालिका कर्मचारी संघ ने मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति के लिए हड़ताल जारी रखा है, लेकिन शहरवासियों की सुविधा के लिए मूलभूत सुविधा को बहाल कर दिया है। महिलांग ने बताया कि मेंरे जीवन का मूल उद्देश्य महासमुंद नगर की जनता के विकास व सुचारू रूप से मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि मेंरे विनम्र आग्रह के चलते कर्मचारी संघ ने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखने की बात कहते हुए शहर में प्रभावित मूलभूत सुविधा को बहाल करते हुए वादा किया है कि आज शाम से शहर की जनता को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के कार्य प्रारंभ करेंगे व जनता को पुनः सुचारू रुप से मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होगी। महिलांग ने आगे कहा कि नगर की जनता की सुविधा देना उनके जीवन का मूल उद्देश्य है व इसके लिए वह कोई भी संकट का सामना करने को तैयार है, संकट चाहे जीवन का क्यों ना हों। महिलांग ने कर्मचारी संघ द्वारा मूलभूत सुविधा बहाल करने के लिए संघ का आभार जताया है।

### जनता को मिला हक, महापौर व नगरपालिका अध्यक्ष का अब सीधे चुनाव : प्रमोद सागर



सरायपाली। भाजपा महामंत्री मंडल के प्रमोद सागर ने नगर निगम और नगर पालिकाओं में जनता द्वारा सीधे महापौर और नगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव करने को लेकर छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा है कि अविभाजित मध्य प्रदेश में 1999 के पूर्व नगर निगम व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष रीति से होता था, जिससे पूर्व की कांग्रेस सरकार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने बदल दिया था और पार्षदों के माध्यम से महापौर व अध्यक्ष चुनाव करने का फैसला लिया था। छत्तीसगढ़ में नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 (संशोधन ) अध्यादेश 2024 एवं छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 (संशोधन) अध्यादेश 2024( प्रत्यक्ष निर्वाचन व आरक्षण संबंधित प्रावधान) की विभिन्न धाराओं में संशोधन किए जाने वाले संबंध में अध्यादेश 2024 के प्रारूप को मंजूर दी गई है, जिस आम जनता के हक को कांग्रेस की सरकार व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छीन लिया था अब इस अधिकार को भाजपा के डबल इंजन की सरकार में मुख्यमंत्री विष्णु देव की नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के नगर निगम व नगर पालिका में निवासरत आम जनता को अब सीधे महापौर और नगर पालिका अध्यक्ष बनाने का हक व अधिकार मिल रहा है, इससे साफ होता है कि भाजपा की सरकार पुरी तरह से पारदर्शी व विकास के राह को मजबूत करने के लिए से प्रतिबद्ध है।

### भोपाल गैस त्रासदी दिवस पर मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि




महासमुंद। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में भोपाल गैस त्रासदी दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर हादसे में मृतात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर अध्यनरत दिव्यांग छात्राएं आस्था पांडेय, खिलेश्वरी साहू का सम्मान किया गया। संचालन व्याख्याता परसराम सिन्हा ने किया कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहू सहित व्याख्यातागण रागिनी चंद्राकर, अनुपमा मानिकपुरी, संतराम साहू, श्रवण कुमार सिन्हा, चित्रसेन साहू, मनहरन लाल भट्ट, निधि अग्रवाल, मनीषा तिर्की, व्यायाम शिक्षक ओमप्रकाश जायसवाल,शिक्षक रेणुका चंद्राकर, महेन्द्र सिंह ध्रुव, भानेंद्र सिंह बिसेन कार्यालयीन कर्मचारी मनीषा राजपूत, केशव कन्नौजे, दुलारी सहित समस्त छात्राएं उपस्थित रहे। वहीं फोटोग्राफी में शेया टिकेदार का सहयोग रहा।

# भाजपा ने की नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश स्तरीय बैठक में नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध में चर्चा हुई। जिसमें क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, रामू रोहरा, प्रदेश प्रवक्ता डॉ विमल चोपड़ा सहित प्रदेश के बड़े नेता मौजूद रहे। बैठक में प्रदेश से लेकर जिला स्तर के पदाधिकारियों समेत विधायक, सांसद, कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

बैठक के दौरान उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा कि लोगों को जल्द ही उनके जमीनों का पट्टा प्रदाय किया जाएगा, तथा गांव और शहरी क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति की जा रही है, ग्रामीण क्षेत्रों में आवास योजना हेतु आवास की स्वीकृति की सीमा हैं परंतु शहरों में आवास योजना के लाभ हेतु कोई सीमा निर्धारित नहीं है, शहरी क्षेत्रों में वह व्यक्ति प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु आवेदन करता है और जो पात्र है तो उन्हें निश्चित तौर पर उसे आवास योजना का लाभ मिलेगा। पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में आवास योजना के हितग्राहियों के लिए कोई सीमा निर्धारित नहीं है, अगर शहरी क्षेत्र का कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री आवास योजना का आवेदन करता है और आवेदन के पश्चात पात्र होता है व आवास योजना हेतु बाध्यता रखता है तो उस हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ जरूर मिलेगा।

डॉ. चोपड़ा ने आगे कहा कि लोगों को जल्द ही उनके जमीनों का पट्टा प्रदान किया जाएगा, जिसके बाद शहरी क्षेत्र के लोग अपने लिए प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु आवेदन कर पात्र होंगे, जिसके पश्चात उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सकेगा।

डॉ. चोपड़ा ने अपील की है कि भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ शहरी क्षेत्र के उन सभी व्यक्तियों को मिलना चाहिए जो कच्चे घरों में अपना जीवनयापन कर रहे हैं, जिन्हें ठंड, बरसात, गर्मी के मौसम में परेशानी उठानी पड़ती है, वह व्यक्ति अगर पात्रता रखते हैं तो उनको आवास योजना हेतु आवेदन कर आवास का लाभ उठाना चाहिए।

### इस साल का अंतिम नेशनल लोक अदालत 14 दिसंबर को लगेगा

महासमुंद। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार शनिवार 14 दिसंबर 2024 को संपूर्ण देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा के द्वारा जानकारी दी गई कि यह वर्ष 2024 की चतुर्थ एवं अंतिम नेशनल लोक अदालत है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिस हेतु जिला न्यायालय महासमुंद के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के द्वारा नेशनल लोक अदालत के लिए खंडपीठों का गठन कर विभिन्न प्रकरणों तथा प्री लिटिगेशन का निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों तथा पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाता हैं। इसके अतिरिक्त राजस्व, बैंक, विद्युत विभाग दूरसंचार विभाग नगर पालिका परिषद में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्री लिटिगेशन प्रकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत किए जाएगें। जो विधिवत पंजीयन उपरांत संबंधित पक्षकारों के प्रकरण लोक अदालत खंडपीठ में निराकृत किये जाएंगें। इस तरह पक्षकार अपने न्यायालयीन प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कर सकते हैं।

# राज्य स्तरीय सीनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में महिला एवं पुरूष टीम ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ द्वारा राज्य स्तरीय सीनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता (महिला एवं पुरूष) का आयोजन बीएसपी ग्राउंड सेक्टर 4 भिलाई दुर्ग में दिनांक 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक आयोजित किया गया जिसमें महासमुंद जिले की महिला एवं पुरूष टीम ने हिस्सा लिया।

जिले की महिला एवं पुरूष टीम ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिला सचिव अंकित लूनिया ने बताया कि प्रतियोगिता के आधार पर राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा। जिले की सीनियर पुरूष टीम में शामिल खिलाड़ियों में यशवर्धन कहार, सागर बंजारे, डोमेश साहू, हिमांशु तिवारी, ओम प्रकाश ध्रुव, पंकज चंद्राकर, जुगेश नाथ भोई, राहुल कुर्रे, शुभम मानिकपुरी, प्रभात सेठ, भूषण यादव, विनय भारद्वाज, लोकेश साहू, गजेंद्र यादव, नीलेश पांडेय, कमल वर्मा, मेहूल चंद्राकर, मुरली राज पुरोहित, सुदर्शन दुबे एवं सीनियर महिला टीम में काजल, पूर्णिमा साहू, मनीषा साहू, दिव्या साहू, यश्वर्या, चंचल देवांगन, तान्या साहू, पुष्पांजलि ठाकुर, मेंघा साहू, राधिका निषाद, ललिता ध्रुव, दीपशिखा साहू, रेणु साहू, लक्ष्मी चंद्राकर, वर्षा कोसरे, हीना चक्रधारी, दामिनी वर्मा, रूक्मणी साहू शामिल रहे।

## चौथी पुण्यतिथि पर ललित सुरजन को दी गई श्रद्धांजलि

# सुरजन ने पत्रकारों को चुनौतियों का सामना करना सिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



सामाजिक चेतना के प्रतीक एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में एक नया मुकाम हासिल करने स्व. ललित सुरजन को उनकी चौथी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया । इस अवसर पर भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटेक) के जिला संयोजक दाऊलाल चंद्राकर, वरिष्ठ साहित्यकार व इंटेक के आजीवन सदस्य एस. चंद्रसेन, साहित्यकार अशोक शर्मा, बंधु राजेश्वर खरे, देवीचंद राठी, रघुनाथ सिन्हा, प्रमोद कन्नौजे, उत्तम दुबे, वरिष्ठ पत्रकार सालिकराम कन्नौजे उपस्थित रहे। दाऊलाल चंद्राकर ने कहा कि ललित सुरजन पत्रकारिता जगत के आधार स्तंभ रहे। उन्होंने पत्रकारिता को गुण को जनमानस तक पहुंचाते हुए पत्रकार जगत को एक नई चुनौतियों से सामना करना सिखाया। सुरजन न केवल पत्रकारिता अपितु सामाजिक समरसता के क्षेत्र में कार्य करते हुए राष्ट्र के विकास में योगदान सदैव स्मरण किया जायेगा।

साहित्यकार एस चंद्रसेन ने कहा कि वे मानवता के प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने नारी उत्थान के लिये अनेकों कार्य करते हुए अपनी लेखनी को अधिक धार दिया। वरिष्ठ साहित्यकार व इंटेक के सदस्य अशोक शर्मा ने कहा कि स्व. सुरजन अनेकों चुनौतियों के बाद एक जीवंत व्यक्ति थे। वे सदैव मुस्कुराते हुए शोषितों व गरीबों के उत्थान के लिये कार्य किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता व पार्षद (सभापति) देवीचंद राठी, सह संयोजक बंधु राजेश्वर खरे, रघुनाथ सिन्हा, पोषण कन्नौजे, प्रमोद कन्नौजे, टेकराम सेन, उत्तम दुबे, सालिकराम कन्नौजे ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. सुरजन, मायाराम सुरजन फाउंडेशन का स्थापना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश को सामाजिक, सांस्कृतिक व पर्यावरण के क्षेत्र में अग्रणी बनाया। सभी ने एक स्वर में उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मां करणी कृपा प्लांट के प्रदूषण से खेती उपज व स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव : डॉ. चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मां करणी कृपा प्लांट के प्रदूषण की शिकायत पर पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा कि क्षेत्र में फैक्ट्री, प्लांट के संचालन से प्रदूषण की शिकायत आ रही है जिससे किसानों के खेती, उपज और उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। हालांकि प्लांट और फैक्ट्री से लोगों को रोजगार मिलेगा, परंतु इन प्लांट और फैक्ट्री के गांव और शहरों के समीप होने से और किसानों के खेतों के आसपास होने के कारण प्रदूषण हो रहा है, जिससे किसानों के फसलों को क्षति पहुंच रही है, जिसका बुरा प्रभाव किसानों के आर्थिक जीवन, स्वास्थ्य और उपजाऊ जमीनों और फसलों पर पढ़ रहा है।

जिसपर डॉ. चोपड़ा ने कहा कि यदि किसानों के फसलों को क्षति पहुंच रही है तो इसका मुआवजा कलेक्टर द्वारा जिला स्तर पर वार्षिक रूप से प्लांट या फैक्ट्री वालों से लेकर अनिवार्य रूप से फसल क्षति से पीड़ित किसानों को वितरित किया जाना चाहिए।

डॉ. चोपड़ा ने आगे कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है, जहां एक ओर किसान सिर्फ और सिर्फ अपने फसल के ऊपर निर्भर रहते हैं और अपने फसल से ही जीवन यापन कर रहे हैं, इस स्थिति में अगर किसानों के फसलों को किसी प्लांट या फैक्ट्री से क्षति पहुंच रही है जिससे पीड़ित किसान आर्थिक और मानसिक रूप से कमजोर पड़ रहे हैं। डॉ. चोपड़ा ने आगे कहा कि अधिकारियों को पीड़ित लोगों से जानकारी लेकर, प्लांट और फैक्ट्री के आसपास के क्षेत्र के खेतों की स्थिति देखकर प्लांट या फैक्ट्री वालों से मुआवजा लेकर किसानों को वितरित किया जाना चाहिए।